स्मार्ट मीटर प्रोजेक्ट को स्कॉच सिल्वर अवार्ड

चर्चा में क्यों?

12 अप्रैल, 2022 को देश में अपनी तरह के सबसे पहले एवं सबसे आधुनिक रेडियो फ्रीक्वेंसी स्मार्ट मीटर का विशाल प्रोजेक्ट संचालित करने वाली मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी को देश का प्रतिष्ठित स्कॉच सिल्वर अवार्ड प्राप्त हुआ है।

प्रमुख बिंदु

- इस अवार्ड के लिये देश की विभिन्न बिजली कंपनियाँ, राज्यों के ऊर्जा विभाग, बैंक, शासकीय सेवा उपलब्ध कराने वाली संस्थाएँ और तकनीकी संस्थाएँ आदि शामिल थीं।
- पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी ने श्रेष्ठ सेवाओं, योजना के कार्यों की स्कॉच टीम के साथ सर्वोत्तम प्रस्तुति, वोटिंग एवं अन्य मापदंडों को पूरा करते हुए सिल्वर अवार्ड हासिल किया है।
- गौरतलब है कि महू (इंदौर) शत प्रतिशत स्मार्ट मीटर वाला मध्य प्रदेश का पहला शहर है, वहीं इंदौर, उज्जैन, रतलाम, देवास, खरगोन आदि में अब तक पौने तीन लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।
- 2003 में स्थापित स्कॉच **(SKOCH)** अवार्ड, उन लोगों, परियोजनाओं और संस्थानों को दिया जाता है, जो भारत को एक बेहतर राष्ट्र बनाने के लिये अतिरिक्त प्रयास करते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/skoch-silver-award-for-smart-meter-project